कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2023

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में
## स्वाधीनता दिवस का गरिमामय आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 77 वाँ स्वाधीनता दिवस उल्लहासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

संस्था के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रासेयो की छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली जो प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर परिसर लौटी।

विडियो बनाओ प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त बी.ए. भाग–2 की कु. प्रेक्षा यादव को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

परिसर में पौधे लगाए गए तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।



समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 31.10.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती ‘‘राष्ट्रीय एकता दिवस’’ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती वंदना बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए उनके जीवनवृत्त पर आधारित परिचर्चा आयोजित की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी द्वारा छात्राओं को राष्ट्रीय एकता हेतु शपथ दिलाई तथा छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि भारत के लौह-पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। क्योंकि सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों के कारण भी देश की एकता और अखण्डता मजबूत है। आज उनकी जयंती पर उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए साथ ही राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकायें कु. पूजा चेलक, कु. लक्ष्मी साहू, कु. ढालेश्वरी विशेष रूप से सक्रीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।



समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# पतंग के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पतंग के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।

सभी छात्राओं ने पतंग पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर छात्राओं ने पतंग में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की अपील की है। उन्होनें पतंग में निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश प्रसारित किया है।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## पतंग के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 03.11.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# बैलून के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बैलून के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।

सभी छात्राओं ने बैलून पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर छात्राओं ने बैलून में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की अपील की है। उन्होनें बैलून में निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश प्रसारित किया है।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. लता मेश्राम, प्रीति सिन्हा, डॉ. रेशमा लाकेश का सहयोग रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## बैलून के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 04.11.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# रंगोली के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने रंगोली बनाई।

सभी छात्राओं ने रंगोली पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

छात्राओं ने रंगोली में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की अपील की है। उन्होनें रंगोली में निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश प्रसारित किया है।

रंगोली प्रतियोगिता में कु. शिखा पेन्डरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कु. चंचल ने द्वितीय स्थान एवं कु. सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बी.एससी. प्रथम वर्ष कु. कविता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनुजा चौहान, श्री शंकर वैद्य, कु. तारा देवांगन का सहयोग रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## रंगोली के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 30.10.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# छाते के द्वारा मतदान जागरूकता

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि छाते के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।

25 छात्राओं ने छाते पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

स्वीप कार्यक्रम में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी से सभी में उत्साह है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 25.11.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गरिमामय ढंग से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने 'संविधान दिवस' की शपथ दिलायी गयी। उन्होनें छात्राओं को संविधान के मूल उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्राप्त है। हमें संविधान से मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त होती है। हम अधिकारों के प्रति जागरूक रहते है। उसी तरह हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक रहना चाहिए। हमारे संविधान में महिलाओं, युवाओं एवं समस्त नागरिकों को विधि के समक्ष समता और संरक्षण प्रदान किया गया है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा तैयार भारतीय संविधान को हमारी संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत, अधिनियम और आत्मर्पित किया और 26 जनवरी 1950 को सम्पूर्ण भारतीय क्षेत्र में लागू किया गया। जितना महत्व इस देश में गीता, रामायण और महाभारत पुस्तकों का है। उतना ही महत्व भारत के संविधान का भी है। संविधान में 22 भाग है। उसके सभी पन्नों पर प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का उल्लेख है हम मौलिक अधिकार के साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे में जाने और उसके अनुसार आचरण करें।

डॉ. सुषमा यादव राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की सदस्य ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य की भावना को बढ़ाना है साथ ही संविधान निर्माताओं के योगदान को स्वीकार करना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए संविधान दिवस के अवसर पर ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शबा अंजुम अंसारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कु. मानसी, बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान कु. चेतना बी.एससी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया जिन्हें प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

छात्राओं ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती वंदना बंजारे तथा श्री लावेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अमित सिंह एवं आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरंगे ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ''न्याय सबके लिए'' के अंतर्गत कानूनी जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में श्रीमती शिवानी सिंग, व्यवहार न्यायाधीश, जिला न्यायालय दुर्ग, श्रीमती शीलू केसरी, व्यवहार न्यायाधीश, जिला न्यायालय दुर्ग वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

श्रीमती शिवानी सिंग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि घटना सामान्य हो या गंभीर हो, शीघ्र ही अपने माता-पिता को इसकी जानकारी प्रदान करें। गंभीर घटना में यदि बयान देने की बात आती है तो हमें कभी भी भयभीत नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में सोशल मीडिया एवं बैंक फ्रॉड की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है इसमें हमें सदैव सजग रहना चाहिए।

श्रीमती शीलू केसरी ने कहा कि जीवन में जो भी समस्याएँ आती है उन समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करता है। वाहन के इंश्योरेन्स की बात हो या छेड़खानी की हमें सदैव जागरूक होना चाहिए। यदि समस्या बढ़ती है तो निडर होकर एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी सलाह लेना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कतता एवं सजगता से हम विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं, अपराध से बच सकते है। सायबर अपराध से बचने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। हमें कानूनी जानकारी सदैव ज्ञात होनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रव ने किया। इस अवसर पर छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.12.2023

# प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
## मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वॉ. वॉ. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओ ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवाधिकार दिवस मनाने का मूल उद्देश्य सभी को अपने अधिकारो, तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा प्रतिवर्ष 10 दिसबंर को यह अकाल दिवस एक आम नागरिक या जनता को उसके अधिकाटो को अधिकारो के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान की विभावस्यक्ष डॉ सुषमा यादव ने मानव अधिकार को पंथ, जाति, वंश, नस्ल, धर्म से ऊपर उठकर प्रदत है। मनुष्य में सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, राजनैतिक सांसैतिक उत्थान के लिए यह मार्ग प्रतिशत करता है।

भाषण प्रतियोगिता में बी.काम. प्रथम वर्ष की कु आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर कु मानसी रही। तृतीय स्थान पर कु गीतु यादव रही। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस.सी द्वितीय वर्ष की, कु. दीक्षा सिन्हा और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्रा कु. ज्या ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर कु. पूजा साहू, व तृतीय स्थान पर कु. उज्जवला राजपूत और कु. दुर्गेश साहू रही। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. अल्का दग्गल, डॉ. ऋतु दुबे, डॉ. मंजुलता साव तथा कु मधु पाण्डेय ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह तथा आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरंगे द्वारा किया गया।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.01.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//
## गर्ल्स कॉलेज में
## गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के संकल्प को हमें मिल–जुलकर पूर्ण करना है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए नई शिक्षा नीति की परिकल्पनाओं को धरातल पर सफल बनाना है।

इस अवसर पर प्राचार्य ने मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई।
कार्यक्रम में संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने देशभक्तिपूर्ण गीत प्रस्तुत किये। डॉ. मंजूलता साव एवं कु. मधु चन्द्राकर ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 07.03.2024

/प्रतिवेदन/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में **'मेरा पहला वोट देश के लिए'** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल के द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को शपथ दिलायी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत कु0 रिया बारले, एम0 ए0 अंग्रेजी द्वितीय सेम0, कु0 जागेश्वरी एम0 ए0 हिन्दी द्वितीय सेम0 एवं तृतीय स्थान पर कु0 किरण सोनबेर, एम0 ए0 हिन्दी चतुर्थ सेम0 रही। निबंध प्रतियोगिता में कु0 दीपिक मिर्चे, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी, कु0 प्रेरणा बी0 एस–सी0 द्वितीय, कु0 आकांक्षा साहू, पीजीडीसीए तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कु0 दीपिका मिर्चे, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी प्रथम, कु0 पूजा चेलक पीजीडीसीए द्वितीय एवं कु0 जागेश्वरी एम0 ए0 द्वितीय सेम0 हिन्दी तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय की छात्राओं में मतदाता जागरूकता हेतु गूगल फार्म के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कु0 पूजा चेलक, पीजीडीसीए प्रथम, द्वितीय स्थान पर कु0 रिया बारले, एम0 ए0 अंग्रेजी द्वितीय सेम तथा कु0 गीतांजली, एम0 ए0 चतुर्थ सेम0 हिन्दी तृतीय स्थान पर रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मंजूलता साव, डॉ0 आरती राठौर, कु0 रश्मि नौरंगे रहें। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती वंदना बंजारे कार्यक्रम अधिकारी द्वय ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय परिसर में स्लोगन एवं पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन के रूप में निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अगव्राल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या महाविद्यालय, दुर्ग


कठिनाई का मतलब असंभव नहीं
इसका सीधा सा मतलब है कि आपको
कड़ी मेहनत करनी होगी ।
- डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम -
मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास
अपने पैर पर खड़ा हो सके ।


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
'मेरा पहला वोट
देश के लिए'
MERA PEHLA
VOTE
DESH KE LIYE
INDIA's YOUNG VOTERS...
The Future of Developing Country.
Power of one VOTE
मतदाता जागरूकता
VOT


GGCB-83-84(25)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 24.04.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

# गर्ल्स कॉलेज में सम्मान समारोह एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हिन्दी विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सम्मान समारोह एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि देश में चुनाव जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित हो रहा है हम सब का दायित्व है कि मतदान हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। युवाओं की मतदाता जागरूकता हेतु सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्राओं को उन्होनें शुभकामनायें दी।

भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के चुनाव प्रत्येक छात्र–छात्रा की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने कीमती वोट का सदुपयोग करते हुए योग्य उम्मीदवार का चयन करें जिससे देश को समृद्ध एवं खुशहाल शासन व्यवस्था की स्थापना हो सके और देश प्रगति के मार्ग में निरंतर अग्रसर होता रहें। उन्होनें छात्राओं को शत–प्रतिशत मतदान कर अपने परिवार व आस–पास निवास करने वाले समस्त नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने कहा कि भारत के नागरिक होने के नाते हमें मतदान का अधिकार मिला है, इस अधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन व बिना दबाव के निर्भय होकर करना चाहिए।

महाविद्यालय की छात्राओं को मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए निबंध, पोस्टर, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को व समस्त सहभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

सम्मान समारोह के अंतर्गत डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने अथक परिश्रम एवं लगन से प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर अपने माता–पिता व महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। हिन्दी विभाग की अन्य छात्रायें भी इनसे प्रेरणा लेकर निरंतर प्रयास करें। प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान कु. खुशबू हरमुख, द्वितीय स्थान – निधि ताम्रकार, पांचवा स्थान – डिलेश्वरी, छठवाँ स्थान– कु. फलेश्वरी, आठवा स्थान– कु. ऐश्वर्या को प्रतीक चिन्ह एवं नेट सेट पात्रता परीक्षा की पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर, सहायक प्राध्यापक हिन्दी व आभार प्रदर्शन कु. पूजा चेलक ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

## शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.02.2024

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान पर विभिन्न आयोजन किये गये।

स्वीप के प्रभारी डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि इसके अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता तथा मतदान पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कु. पूजा चेलक कैम्पस एम्बेसडर स्वीप द्वारा एनएसएस की छात्राओं के साथ ग्राम बोड़ेगाँव में मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने स्वीप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा ग्रामीण अंचल में भी रासेयो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. डी.सी. अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य, कैम्पस एम्बेसडर कु. पूजा चेलक महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्रायें उपस्थित थी।

कु. पूजा चेलक, कैम्पस एम्बेडसर ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)